दिनांक 14/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के स्वच्छता मित्र बिना थके रूके दे रहे हैं कोविड केयर सेंटर में सेवाएं , जान जोखिम में डालकर भी वार्डों की कर रहे नियमित साफ-सफाई

भिलाई नगर। स्वच्छता मित्र (सफाई कर्मचारी) अपनी जान की परवाह किए बगैर निगम क्षेत्र के कोविड केयर सेंटर में कोराना वायरस से संक्रमित लोगों को सेवाएं दे रहे हैं। सफाई कर्मी कोरोना योद्धा के रूप में कार्य करते हुए बिना थके कोविड केयर सेंटर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों के वार्ड, हास्पिटल परिसर, नर्सिंग स्टॉफ के हॉस्टल और चिकित्सकों के कमरे की नियमित साफ-सफाई कर कोरोना को हराने में जुटे हुए हैं।

चार शिफ्ट में कर्मचारी दे रहे है अपनी सेवाएं

चंदूलाल स्थित कोविड केयर सेंटर कचांदूर की साफ-सफाई , सेनिटाइजिंग कार्य में 30 स्वच्छता मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है। जो बिना थके व रूके नियमित रूप से दिन-रात चार शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं। निगम के कर्मचारी श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी से भी नियमित कचरा उठाने का काम कर रहे हैं, तो वहीं कर्मचारियों की दूसरी टीम कोविड केयर सेंटर कचांदुर के वार्डों की झाड़ू, पोंछा, टायलेट की सफाई से लेकर खाना खाने के बाद डस्टबिन में एकत्र खाली पैकेट के कचरे को इकट्ठा करने और स्प्रे मशीन से हास्पिटल परिसर में कोरोना वायरस को नष्ट करने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। यहां ड्यूटी करने वाले कुछ कामगार ऐसे भी हैं ,

जनसंपर्क अधिकारी